SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs

05/09/2019

Q1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस शहर में गुजरात सरकार के दूसरे प्रदेश भवन 'गरवी गुजरात' का उद्धाटन किया है?

क. पुणे

ख. केरल

ग. मुंबई

घ. दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में दिल्ली में गुजरात सरकार के दूसरे प्रदेश भवन 'गरवी गुजरात' का उद्धाटन किया है. यह भवन अकबर रोड पर 7000 वर्ग मीटर क्षेत्र में है और इसमें 131 करोड़ रूपये की लागत आयी है.

SarkariExam.Com

प्रश्न 2. भारत और किस देश के बीच हाल ही में 15 समझौते हुए है?

क. जापान

ख. चीन

ग. ऑस्ट्रेलिया

घ. रूस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई जिसमे दोनों देशो के बीच 15 समझौते पर हस्ताक्षर हुए है. साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मसलों पर चर्चा की है.

प्रश्न 3. निम्न में से किस देश की सिंध पुलिस ने पहली बार अपनी टीम में एक हिंदू लड़की (पुष्पा कोल्ही) को शामिल किया है?

क. श्री लंका

ख. अमेरिका

ग. पकिस्तान

घ. ऑस्ट्रेलिय

पकिस्तान की सिंध पुलिस ने पहली बार अपनी टीम में एक हिंदू लड़की (पुष्पा कोल्ही) को शामिल किया है. पुष्पा कोल्ही ने प्रांत में प्रतियोगिता परीक्षा पास करने के बाद यह उपलब्धि हासिल की है. पुष्पा कोल्ही को सिंध पुलिस में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के तौर पर नियुक्त किया गया है.

SarkariExam.Com

प्रश्न 4. ईआईयू के द्वारा जारी की गयी दुनिया के रहने लायक शहरों की सूची में भारत का कौन सा शहर 6 स्थान फिसलकर 118वें स्थान पर पहुच गया है?

क. दिल्ली

ख. मुंबई

ग. कोलकाता

घ. चेन्नई

इकॉनोमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (ईआईयू) के द्वारा जारी की गयी दुनिया के रहने लायक शहरों की सूची में भारत की राजधानी दिल्ली 6 स्थान फिसलकर 118वें स्थान पर पहुच गयी है साथ ही मुंबई 2 स्थान फिसलकर 119वें नंबर पर पहुंच गया है. रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में 1 वर्ष में अपराध और वायु प्रदूषण बढ़ा है.

जरुर पढ़े: 5 सितम्बर की भारत और विश्व की कुछ प्रमुख ऐतिहासिक घटनाएं

प्रश्न 5. भारत में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किये जाने वाले किस एप्प ने हाल ही में 50 करोड़ डाउनलोड्स का आंकड़ा पार किया है?

क. वॉट्सऐप

ख. फेसबुक मैसेंजर

ग. गूगल

घ. ट्रूकॉलर

भारत में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किये जाने वाले एप्प में से एक ऐप ट्रूकॉलर ने हाल ही में 50 करोड़ डाउनलोड्स का आंकड़ा पार किया है और एप्प के पूरी दुनिया

SarkariExam.Com

में 15 करोड़ एक्टिव यूजर्स हो गए हैं. ट्रूकॉलर एप्प, वॉट्सऐप और फेसबुक मैसेंजर के बाद भारत में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किये जाने वाले कम्युनिकेशन ऐप है.

प्रश्न 6. 5 सितम्बर को भारत मे कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. विज्ञानं दिवस

ख. टीबी दिवस

ग. महिला सुरक्षा दिवस

घ. शिक्षक दिवस

5 सितम्बर को भारत मे शिक्षक दिवस मनाया जाता है. यह दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्म-दिवस के अवसर पर मनाया जाता है.

प्रश्न 7. निम्न में से किस राज्य सरकार ने फसली ऋणों पर 4,750 करोड़ रुपये का ब्याज और जुर्माना माफ करने की घोषणा की है?

क. दिल्ली सरकार

ख. उत्तर प्रदेश सरकार

ग. गुजरात सरकार

घ. हरियाणा सरकार

हरियाणा सरकार ने हाल ही में फसली ऋणों पर 4,750 करोड़ रुपये का ब्याज और जुर्माना माफ करने की घोषणा की है. सरकार के इस फैसले से राज्य के दस लाख किसानों को फायदा होगा. साथ ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भिवानी में जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान पैकेज की घोषणा की है.

SarkariExam.Com

प्रश्न 8. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने किसे अपनी पाकिस्तान क्रिकेट टीम का हेड कोच और मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया है?

क. शोएब मलिक

ख. मिस्बाह उल हक

ग. इंजमाम उल हक

घ. वकार यूनिस

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हाल ही में मिस्बाह उल हक को पाकिस्तान क्रिकेट टीम का हेड कोच और मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया है. साथ ही वकार यूनिस को टीम का बॉलिंग कोच नियुक्त किया है. मिस्बाह उल हक अब पूर्व कोच मिकी ऑर्थर और वकार अजहर महमूद की जगह स्थान लेंगे.

प्रश्न 9. वर्ष 2022 में किस देश में होने वाले फुटबॉल वर्ल्ड कप का लोगो जारी किया गया है?

क. ब्राज़ील

ख. जापान

ग. चीन

घ. कतर

कतर में वर्ष 2022 होने वाले फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए वर्ल्ड कप 2022 का लोगो जारी किया गया है. यह लोगो ठोस बुनियादी ढांचे और शीतकालीन कार्यक्रम दोनों

SarkariExam.Com

को दिखाता है. साथ ही इस लोगो में कतर के राष्ट्रीय ध्वज के रंग का इस्तेमाल किया गया है.

प्रश्न 10. विकेटकीपर महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़कर ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज कितने कैच पकड़ने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गये हैं?

क. 50 कैच

ख. 100 कैच

ग. 150 कैच

घ. 200 कैच

पूर्व भारतीय टेस्ट विकेटकीपर महेंद्र सिंह धोनी को हाल ही में पीछे छोड़कर ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 50 कैच पकड़ने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गये हैं. उन्होंने हाल ही में वेस्टइंडीज टेस्ट की दूसरी पारी में क्रैग ब्रेथवेट का कैच पकड़कर यह उपलब्धि हासिल की है.

11 वह कौन सा प्रतिष्ठित स्थाेन है जिसे स्वअच्छह प्रतिष्ठित संस्थानों की रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त हुआ है?

a. ताज महल

b. कुतुब मीनार

c. सी एस टर्मिनस

d. वैष्णो देवी

SarkariExam.Com

जल शक्ति मंत्रालय ने 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत देश के स्वरच्छन प्रतिष्ठित स्थाैनों की रैंकिंग जारी की. इसमें जम्मू कश्मी र के माता वैष्णोक देवी को देश का 'सर्वश्रेष्ठ स्वाच्छ स्थरल' घोषित किया गया है. वैष्णो देवी को महाराष्ट्र के छत्रपति शिवाजी टर्मिनस, आगरा के ताजमहल, आंध्र प्रदेश स्थित तिरुपति मंदिर, पंजाब के स्वर्ण मंदिर, वाराणसी के मणिकर्णिका घाट आदि स्थलों से कड़ी टक्कर मिल रही थी.

12. निम्नलिखित में से कौन से देश में वर्ष 2022 में फीफा विश्व कप आयोजित किया जायेगा?

a. भारत

b. जॉर्डन

c. कतर

d. बांग्लादेश

कतर द्वारा 2022 में आयोजित किये जाने वाले FIFA विश्व कप के लिए अधिकारिक लोगो को जारी कर दिया है. यह लोगो कतर की परंपराओं और कला को भी प्रदर्शित करता है. यह लोगो एक साथ विभिन्न देशों के 24 शहरों में जारी किया गया. इसमें 'आठ' जैसी दिखने वाली आकृति देश के आठ स्टेडियमों में आयोजित होने वाले मैचों को दिखाती है.

SarkariExam.Com

13 डब्ल्यूएचओ क्षेत्रीय समिति की 72वीं बैठक का अध्यक्ष निम्नलिखित में से किसे चुना गया है?

a. अमित शाह

b. डॉ. हर्षवर्द्धन

c. विवेक मुंजाल

d. जे.पी. नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन को दक्षिण-पूर्व एशिया के लिये वैश्विक स्वास्थ्य संगठन की क्षेत्रीय समिति की 72वीं बैठक का सर्वसम्मित से अध्याक्ष चुना गया. यह दूसरा मौका है जब भारत क्षेत्रीय समिति की बैठक का आयोजन कर रहा है. इस समिति की बैठक में भारत कों रोगमुक्त बनाने और लक्ष्यों को हासिल करने के लिए नीतिगत पहलों को गति प्रदान करने के लिए चर्चा की गई.

14. निम्नलिखित में से कौन से शहर में साउथ एशियन स्पीकर्स समिट का आयोजन किया गया?

a. नई दिल्ली

b. माले

c. सिंगापुर

d. शंघाई

मालदीव की राजधानी माले में चौथे 'साउथ एशियन स्पीकर्स समिट' इस सम्मेलन के आयोजन का उद्देश्य सतत् विकास लक्ष्यों (Sustainable Development Goals-SDGs) को प्राप्त करना है. इस सम्मेलन का आयोजन मालदीव की संसद 'मजलिस'

SarkariExam.com

(Majlis) में किया गया. पहले साउथ एशियन स्पीकर्स समिट का आयोजन बांग्लादेश (वर्ष 2016), दूसरे का भारत (वर्ष 2017), जबकि तीसरे समिट का आयोजन श्रीलंका (वर्ष 2018) में किया गया था.

15केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का नया लोगो निम्नलिखित में से किसने डिजाईन किया है?

a. रोहित शेट्टी

b. अरविन्द बर्मन

c. समर्थ थपलियाल

d. रोहित देवगन

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) का नया Logo नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपोसिट्री लिमिटेड की टेक्निकल सपोर्ट टीम के साथ मिलकर डिज़ाइनर रोहित देवगन ने तैयार किया है. इसमें एक QR कोड भी है, जिससे कई तरह की जानकारियाँ हासिल की जा सकती हैं.

SarkariExam.Com